समाचार

# सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की बैठक ली महापौर, आयुक्त ने

## (राजस्व मंत्री द्वारा प्रतिष्ठानों को सौपे गए कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की)



कोरबा 02 जून 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आज निगम क्षेत्र के समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा इन प्रतिष्ठानों को विकास व निर्माण कार्यो संबंधी सौपे गए कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा तथा कार्यो की कार्यप्रगति में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा सहित प्रतिष्ठानों व निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

यहां उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा विगत बैठकों के दौरान एस.ई.सी.एल. कोरबा व कुसमुण्डा, एन.टी.पी.सी., बालको, सी.एस.ई.बी., आई.ओ.सी.एल. आदि प्रतिष्ठानों को विभिन्न विकास कार्यो से संबंधित दायित्व सौपे गए थे। आज महापौर श्री प्रसाद एवं आयुक्त श्री जयवर्धन ने प्रतिष्ठानों की बैठक लेकर कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान एस.ई.सी.एल.कोरबा जी. एम.आफिस से मुड़ापार बाजार होते हुए परिवहन नगर चौक तक सड़क निर्माण, सीतामणी इमलीडुग्गू चौक से बरबसपुर तक फोरलेन बी.टी. एवं सी.सी.सड़क निर्माण, कुसमुण्डा क्षेत्र में डगनिया एच.टी. लाईन की शिफ्टिंग संबंधी कार्य, सुराकछार में नदी में कटाव रोकने हेतु टो–वाल रिटर्निंगवाल निर्माण, सुनालिया रेलवे क्रांसिंग एवं मानिकपुर रेलवे क्रांसिंग में अण्डरब्रिज निर्माण, बांकीमोंगरा सुराकछार मुख्य मार्ग के निर्माण, गेवरा बस्ती से कटघोरा बस्ती के अंदर 1200 मीटर सड़क मरम्मत संधारण कार्य, बांकीमोंगरा में एस.ई.सी.एल. निर्मित उद्यान का संधारण कार्य, दर्री बराज से गोपालपुर तक फोरलेन निर्माण, आई.ओ.सी.एल. द्वारा सड़क निर्माण हेतु राशि स्वीकृति के संबंध में, आई.ओ.सी.एल. द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण, साकेत भवन से चेकपोस्ट रेलवे क्रांसिंग

तक फोरलेन सड़क निर्माण, रेलवे क्रांसिंग से बालको चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण सहित बालको द्वारा अन्य सड़कों का निर्माण, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के संलग्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सहयोग से चौक–चौराहों का सौदंर्यीकरण, पुल–पुलियों की मरम्मत एवं रेलिंग के निर्माण सहित नगर निगम एवं पी.डब्ल्यू.डी.द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की तथा कार्यो की कार्यप्रक्रिया में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, आर.के.चौबे, आर.के. माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, राजेश पाण्डेय, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, उपायुक्त पवन वर्मा, एस.डी.ओ.पी. डब्ल्यू.डी. रामनरेश दुबे, एस.ई.सी.एल. सी.एम.ओ. डॉ.ए.के.अरोरा, एस.ई.सी.एल.कुसमुण्डा से राजेन्द्र सहारे एवं पी.के.जैन, एस.ई.सी.एल. गेवरा से राकेश कुमार, एस.ई.सी.एल. कोरबा से डी.के.दिव्य, बालको से अनिल कुमार मिश्रा, आई.ओ.सी.एल. से विक्रम कुमार आदि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)